टी०ए० मिस केस सं० 85/2019-20

दिनांक	आदेश	अभ्युक्ति
31.08.19	अभिलेख उपस्थापित। आवेदक **शंकर सुन्डी, पिता– स्व० तुराम सुन्डी,** ग्राम– **नरसन्डा,** थाना– **मुफ्फासिल** जिला– पश्चिमी सिंहभूम चाईबासा ने मौजा– **नरसन्डा,** थाना– 649, खाता नं०– 162, प्लॉट नं०– 4371, रक्वा– 0.07½ एकड़ भूमि क्रेता **नितिन बानरा, पिता– श्री सुभाष चन्द्र बानरा** ग्राम– **गालुबासा,** थाना– **मुफ्फासिल** के पास में बिक्री के द्वारा हस्तान्तरित करने की मांग की गई है। इस संबंध मे छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46(1) (ए) के अन्तर्गत इस न्यायालय से उपरोक्त प्लॉट की बिक्री हेतु आम सूचना निर्गत किया गया। अंचल अधिकारी, **सदर चाईबासा** से जाँच प्रतिवेदन की माँग की गई, जो प्राप्त हुआ। विक्रेता के द्वारा भी इस संबंध में आवश्यक दास्तावेज प्रस्तुत किया गया। दास्तावेजो के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि **आवेदित भूमि आवेदक के दादा के नाम पर खतियान में दर्ज है।आवेदक का आवेदित भूखंड पर शांतिपूर्ण दखल है।** अंचल अधिकारी, **सदर चाईबासा** का जाँच प्रतिवेदन पत्रांक– **572,** दिनांक–. **16.08.2019** द्वारा प्राप्त है एवं विक्रेता द्वारा प्रस्तुत आवश्यक दस्तावेजो के अवलोकन से ज्ञात होता है कि मकान बनाने हेतु रूपये की आवश्यकता होने के कारण भू–खण्ड को क्रेता **नितिन बानरा, पिता– श्री सुभाष चन्द्र बानरा,** ग्राम– **गालुबासा,** थाना– **मुफ्फासिल,** के पास **5,44,000.00/–(पांच लाख चौवालीस हजार)** रूपये में बिक्री करना चाहते हैं। इस संबंध में किसी को किसी प्रकार का आपत्ति प्राप्त नहीं हुआ है। जाँच प्रतिवेदन से यह स्पष्ट होता है कि विक्रेता एवं क्रेता दोनों थाना **मुफ्फासिल** के निवासी है। उक्त दोनों अनुसूचित जन जाति के सदस्य हैं। ग्रामीण मुण्डा का बिक्री करने संबंधी अनुशंसा प्रतिवेदन प्राप्त है जो अभिलेख में संलग्न है। उपरोक्त प्लॉट की बिक्री के पश्चात् आवेदक के पास शेष **2.60** एकड़ भूमि से ज्यादा बचता है। आवेदक के पास भरण पोषण हेतु पैत्रिक भू–सम्पति प्रर्याप्त है। अतः अंचल अधिकारी, **सदर चाईबासा** एवं ग्रामीण मुण्डा के अनुशंसा के आलोक में आवेदक **शंकर सुन्डी, पिता– श्री तुराम सुन्डी,** ग्राम– **नरसन्डा** क्रेता **नितिन बानरा, पिता– श्री सुभाष चन्द्र बानरा,** ग्राम– **गालुबासा,** थाना– **मुफ्फासिल** के पास **5,44,000.00/–(पांच लाख चौवालीस हजार)** रूपये मे मौजा– **नरसन्डा,** थाना– **649,** खाता नं०– **162,** प्लॉट नं०– **4371,** रक्वा– **0.07½** एकड़ भूमि को बिक्री करने हेतु छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46 (1)(ए) के अन्तर्गत बिक्री द्वारा हस्तांतरण करने की ......अनुमति......दी जाती है। लेखापित! [signature] 31/8 भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता सदर चाईबासा। [signature] 31/8/19 भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता सदर चाईबासा।	

Scanned with CamScanner